of Gauge Conversion of Sholapur-Gadag, for which Planning Commission's approval is awaited. The work would be taken up once it is received.

v. *Davmd-Baramati* (42 *kms.)* — The work has been completed.

vi. *Miraj.Latur* (359 Jems.)—Final Location Survey is in progress and the Survey Report would be sent to the Planning Commission as soon as the same is received. The work would be taken up once Planning Commission's approval is received.

vii. Pachora-Jamner (56 *kms.)* and *Nagpw-Nagbhid* (110 *kms.)*—These lines would be considered for inclusion in the next phase of the Action Plan keeping in view the then traffic projections and the availability of resource*.

रेलवे स्टेशनों पर खर्च की गई धन-राशि

274. **श्री गोपाल सिंह जी० सोलंकी:** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गुजरात में गत तीन वर्षों के दौरान और 30 जून, 1994 तक रेलवे स्टेशनों, विशेषत: बडोदा, भरूच, सूरत अहमदाबाद और पंचमहल रेलवे स्टेशनों पर वर्ष-वार और स्टेशन-वार कितनी-कितनी धनराशि खच की गई ;

(ख) जयह धनराशि किन-किन मदों पर खर्च की गई ;

(ग) क्या सरकार का विचार उन स्टेशनों का विकास कर वहां और सुविधाय उपलब्ध कराने का है ;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ; और

(ङ.) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

रेल मंत्री (श्री सी०के० जाफर शरीफ): (क) ब्यौरा इस प्रकार है :—

(आंकडे लाख रुपयों में)

	बडोदरा	भरुच	सूरत	अहमदाबाद	पंचमहल
1991–92	1.00	5.00	5.85	18.59	कुछ नहीं
1992–93	3.50	4.00	21.82	16.85	कुछ नहीं
1993–94	9.92	3.50	34.15	12.24	0.50
1994–95 6/94 तक	6.42	3.00	1.50	कुछ नहीं	2.29

(ख)) से (घ) इन स्टेशनों पर शुरू किए गए सुधार संबंधी कार्यों का ब्यौरा नीचे दिया गया है :—

बड़ोदरा

1. जन उद्घोषणा प्रणाली का बदलाव
2. विश्रामाकक्ष में परिवर्द्धन एव परिवर्तन
3. जल शीतकों की व्यवस्था
4. प्लेटफार्म सं० 4/5 पर सायबान की व्यवस्था ।

भरूच

1. पूर्व की ओर बुकिंग कार्यालय की व्यवस्था
2. प्लेटफार्म सं. 1 से 5 पर रोशनी की बेहतर व्यवस्था ।

सूरत

1. पूर्व की ओर बुकिंग कार्यालय की व्यवस्था
2. प्लेटफार्म सं० 1 से 3 पर सायबान का विस्तार ।
3. प्लेटफार्म सं० 4 का विस्तार ।
4. प्लेटफार्म सं० 1 और 2 पर मास्टर कूलरों की व्यवस्था ।
5. पश्चिम की ओर यात्री आरक्षण कार्यालय ।

अहमदाबाद

1. जल आपूर्ति में सुधार ।
2. प्लेटफार्म सं० 1 पर सायबान की व्यवस्था-उत्तरी छोर
3. प्लेटफार्म सं० 1 पर मास्टर जल शीतल की व्यवस्था
4. प्लेटफार्म पर रोशनी एवं पंखों में सुधार ।

पंचमहल (गोधरा)

1. रोशनी की व्यवस्था में सुधार ।

2. अतिरिक्त सुधार के उपाय के रुप में, बडोदरा में प्लेटफार्म सं० 1 की सतह का सुधार, भरूच में प्लेटफार्म सं० 3 और 4 का सुधार तथा पंचमहल (गोधरा) में परिचलन क्षेत्र का सुधार करने से संबंधित कार्य भी 1994–95 में स्वीकृत किए गए हैं ।

मौजूदा सुविधायें तथा उपर्युक्त कार्यों के जरिए सुलभ कराई गई/प्रस्तावित सुविधायें इन स्टेशनों पर सम्हाले जाने वाले यातायात के मौजूदा स्तर के लिए पर्याप्त समझी जाती है ।

मध्य प्रदेश में चालू परियोजनाओं को पूरा किया जाना

275. **श्री दिलीप सिंह जूदेव :** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने मध्य प्रदेश में विभिन्न चालू रेल परियोजनाओं को पूरा करने के लिए कोई योजना बनाई है ;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ; और

(ग) इन परियोजनाओं के लिए कुल कितनी धनराशि आवंटित की गई है ?

रेल मंत्री (श्री सी० के० जाफर शरीफ) (क) जी, हां ।

(ख) और (ग) संसाधनों की उपलब्धता को देखते हुए मध्य प्रदेश में नई लाइनों, आमान परिवर्तन तथा दोहरीकरण परियोजनाओं, जिन्हें प्राथमिकता दी गई है और शुरू की गयी है, का ब्यौरा उनके लिए आवंटित कुल राशि के आंकडों सहित नीचे दिया गया है :—

(करोड रुपयों में)

	1994–95 तक आवंटित कुल राशि
नई लाइनें	
1. बरास्ता शिवपुरी -ग्वालियर-भिंड गुना-इटावा रेल लाइन	114.50
2. सतना-रीवा (पूरी कर दी गई है)	43.86